वि .वि. मं.

रा . म. साळगांवकर उच्च माध्यमिक विद्यालय

मडगांव गोवा

1st Formative Exam Aug2023

कक्षा : १२ वी विषय : हिन्दी समय : १घंटा

दिनाक: १२ / ८/ २०२३ अंक: २०

सामान्य निर्देश -

१. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

२. दायी ओर दर्शायी हुई संख्या प्रश्न के अंक दर्शाती है।

३. कुल प्रश्न १२

निम्नलिखित कोष्ठकों में दिये गये विकल्पों मे से उचित विकल्प चुनकर पंक्तियो को फिर से लिखिए।

(१)

१. और नही तो क्या ________ से ही पाप काटते है।

दान दक्षिणा

दान धरम

दान पुन्न

धरम करम

२) बडे बडे मोती से आँसु____________ पहनाते थे। (१)

जयमाला

वरमाला

विजयमाला

फूल माला

निम्नलिखित पठित गद्याश को पढकर अंत में पूछे गये प्रश्नो के उत्तर लिखिए।

अरुचि का दूसरा कारण था पिताजी की सेवा करने की तीव्र इच्छा। स्कूल की छुट्टी होते ही मै सीधा घर पहुँचता और उनकी सेवा मे लग जाता।जब कसरत अनिवार्य हुई तो इस सेवा मे बाधा पडी। मैने विनती की किपिताजी की सेवा के लिए मुझे कसरत से छुट्टी दी जाए। पर गीमी साहब छुट्टी क्यो देने लगे ? एक शनिवार के दिन सुबह का स्कूल था। शाम को चार बजे कसरत के लिए जाना था।मेरे पास घडी नही थी।आसमान बादलो से घिरा था ,इसलिए समय का कोई अदाज नही रहा। मै बादलो से धोखा खा गया।जब कसरत के लिए पहुँचा तो सब जा चुके थे। दूसरे दिन गीमी साहब ने हाजिरी देखी तो मै गैर हाजिर पाया गया। मुझसे कारण पूछा गया। मैने सही सही कारण बता दिया उन्होने उसे सच नही माना और मुझ पर एक या दो आने (ठीक रकम का स्मरण नही है) का जुरमाना किया।

३ . स्कूल छुटते ही गाधीजी सीधा घर क्यो आते थे? (१)

४ . गाधीजी समय का अंदाजा क्यो नही लगा पाये ? (१)

५ . उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है और उसके लेखक कौन है ? (१)

निम्नलिखित गद्य अवतरणों मे से किसी एक का संदर्भ सहित स्पष्टीकरण कीजिए। (४)

६. अच्छा तुम अपनी पूरी योजना रख जाओ। हम और हमारा दरबार उस पर विचार करेंगे।

अथवा

यह कलम लीजिए, अधिक सोच विचार न कीजिए, दस्तखत कर दीजिए।

निम्नलिखित प्रश्नो मे से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग २० - २५ शब्दो मे लिखिए। (२)

७. कबीरदासजी ने अपने दोहो में अंधविश्वास पर कैसे व्यंग्य किया है ?

अथवा

'तोडती पत्थर' कविता में कविने शोषित नारी की विवशता का वर्णन कैसे किया है ?

निम्नलिखित शब्द का विशेषण रूप लिखिए। (१)

८. वर्ष

निम्नलिखित शब्द की भाववाचक संज्ञा लिखिए। (१)

९. पंडित

निम्नलिखित शब्द का विरूद्‌धार्थी रूप लिखिए। (१)

१०. आदर

निम्नलिखित मुहावरें का अर्थ लिखकर सार्थक वाक्य मे प्रयोग कीजिए। (२)

११. दाँव पर पाना

अथवा

चौक उठना

१२. नरेंद्र \ नमीता पवार, दयानंद नगर, फोंडा गोवा से गली में रात के समय जोर जोर से बजाए जानेवाले लाऊडस्पीकर से होनेवाली परेशानियों की शिकायत करते हुए पुलिस अधिक्षक, पुलिस थाना, फोंडा गोवा के नाम पत्र लिखता \ लिखती है। (४)

अथवा

करण \ करिश्मा पाटील, घर क्र ५३२, टिलकनगर, वाळपई गोवा से नीचे दिए गए विज्ञापन के आधार पर आवेदन पत्र तैयार करता \ करती है।

> आवश्यक के
> लेखापाल (Accountant)
> शैक्षणिक योग्यताएँ - बी. कॉम पास
> संगणक का ज्ञान आवश्यक
> अनुभव - कम से कम एक साल
> पूरी जानकारी के साथ आवेदन करे।
>
> संपर्क - प्राचार्य
> बोस उच्च माध्यमिक विद्यालय
> उसगाव, फोंडा गोवा।